मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी مولانا آزاد نیشنل اُردو یونیورسٹی
MAULANA AZAD NATIONAL URDU UNIVERSITY
A Central University under Ministry of Education
Government of India

दिनांक 23.05.2023 यू.जी.सी. राजभाषा निरीक्षण समिति द्वारा राजभाषाई निरीक्षण

यूजीसी राजभाषा निरीक्षण समिति द्वारा मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी, हैदराबाद के राजभाषा से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया गया।

राजभाषाई निरीक्षण समिति ने कुलपति, कुलसचिव, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी-I , विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी-II, परीक्षा नियंत्रक, अन्य वरिष्ठ अधिकारिगण एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्यों की उपस्थिति में विश्वविद्यालय में हो रहे राजभाषा हिन्दी के कार्यों का अवलोकन किया। इस अवसर पर यूजीसी राजभाषाई निरीक्षण समिति में माननीय डॉ.राजेश कुमार वर्मा, संयुक्त सचिव, यूजीसी तथा डॉ.गोपी चंद मेरुगु, उप सचिव, यूजीसी निरीक्षणकर्ता के रूप में पधारे थे। राजभाषा निरीक्षण का आरंभ प्रो.एसके.इश्तियाक़ अहमद, कुलसचिव, मानू द्वारा स्वागत भाषण देकर किया गया तथा माननीय कुलपति प्रो.सैयद ऐनुल हसन द्वारा सदस्यों को अंग वस्त्र और फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। कुलपति महोदय ने विश्वविद्यालय में हो रहे कार्यक्रमों के विषय में सदस्यों को अवगत कराया। यूजीसी राजभाषाई समिति के सदस्यों ने विश्वविद्यालय में राजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग में हुई प्रगति की जांच की तथा इस संबंध में विस्तार से चर्चा कर सुझाव दिए।

मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी, हैदराबाद की राजभाषा अधिकारी डॉ. शगुफ़्ता परवीन द्वारा विश्वविद्यालय में राजभाषा की प्रगति से संबंधित पावर पोइंट(पीपीटी) प्रस्तुतिकरण प्रस्तुत किया गया।

माननीय कुलपति प्रो.सैयद ऐनुल हसन द्वारा यूजीसी राजभाषाई समिति के सदस्यों को अंग वस्त्र तथा फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया।

माननीय कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय में राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन से यूजीसी राजभाषाई निरीक्षण समिति को अवगत कराते हुए।

माननीय कुलपति महोदय तथा यूजीसी राजभाषाई निरीक्षण समिति द्वारा विश्वविद्यालय में राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन से संबंधित समीक्षा।

यूजीसी राजभाषाई निरीक्षण समिति द्वारा विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यालयों में राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन से संबंधित निरीक्षण।